
# ज़ुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०५ | अंक : ०४ | मुंबई, शुक्रवार २८ दिसंबर २०१८ से ३ जनवरी २०१९ RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये



## चुनाव पर ही रहेगा पीएम मोदी का पूरा फोकस, नहीं करेंगे एक भी विदेश दौरा

**आसिफ खान**

**नई दिल्ली :** साल २०१९ के आम चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आने वाले कार्यक्रमों को निर्धारित कर चुकें हैं, जिससे चुनाव प्रचार पर कुछ असर न पड़े. इसके लिए पीएम मोदी किसी भी विदेश यात्रा पर नहीं जाएंगे. सरकारी सूत्रों की मानें तो पीएम मोदी साल २०१९ में अपना पूरा ध्यान सिर्फ लोकसभा चुनावों पर ही रखना चाहते हैं. पीएम मोदी बीजेपी का चेहरा और स्टार प्रचारक हैं. चुनाव प्रचार में पीएम मोदी का शामिल होने से बीजेपी को सीधे तौर पर फायदा होगा. अगले चार महीनों तक प्रधानमंत्री किसी भी विदेश दौरे पर नहीं जाएंगे और वह देश के स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे. एम मोदी का फैसला इस लिए भी अहम है क्यों कि विधानसभा चुनाव में पार्टी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है. ऐसे में पीएम मोदी की जिम्मेदारी चुनाव प्रचार में और बढ़ गई है. बता दें कि पिछले साल प्रधानमंत्री ने १४ विदेश यात्राएं की थी मगर आगामी साल के पहले चार महीनों में प्रधानमंत्री का विदेशी भूमि पर कोई भी द्विपक्षीय कार्यक्रम नहीं है.

मिशन २०१९: राहुल गांधी को रोकने के लिए मोदी नहीं केसीआर बुन रहे हैं जाल, कांग्रेस को हो सकता है बड़ा नुकसान गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी अगले साल २१ से २३ जनवरी तक वाराणसी में चलने वाले प्रवासी भारतीय दिवस के कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे. प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में अक्टूबर में आसियान समिट में शामिल होने सिंगापुर गए थे. इसके अलावा नवंबर में उन्होंने उन्होंने मालदीव के नए राष्ट्रपति इब्राहिम सोलह के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए मालदीव की यात्रा की थी.

## मोदी को उनके गढ़ में टक्कर देने की तैयारी कर रहे हैं उद्धव ठाकरे

**मुंबईः** राम मंदिर निर्माण को लेकर अयोध्या की यात्रा करने वाले शिवसेनाप्रमुख उद्धव ठाकरे वाराणसी जाने की तैयारी कर रहे हैं. बताया जा रहाहै कि वाराणसी की यात्रा के दौरान भी राम मंदिर निर्माण का मुददउठाएंगे. शिवसेना अध्यक्ष काशी जाकर



फिर एक बार शक्ति प्रदर्शन करसकते हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उद्धव के साथ उनकी पार्टी के आलानेता और कार्यकर्त्ता भी वाराणसी जा सकते हैं.


बता दें कि हाल के दिनों में शिवसेना राम मंदिर मुद्दे को लेकर काफीआक्रामक हुई हैं. अयोध्या में मंदिर निर्माण को लेकर उद्धव ठाकरे ने २५नवंबर को शहर की यात्रा की थी. ठाकरे अपनी पत्नी रश्मि और बेटेआदित्य के साथ चार्टड विमान से श्रीराम की नगरी पहुंचे थे. इस दौरानउन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तारीख बताए कि वह राम मंदिरकब बनाएगी.

उन्होंने कहा, 'बीजेपी सबसे पहले यह बताए कि राम मंदिर कब बनाएगी.अब हम ज्यादा दिन तक इंतजार नहीं कर सकते. वादों को निभाना भीहमारा हिंदुत्व है, जो वादा करते हैं, जो वचन देते हैं वह हमारा हिंदुत्व है,उसे निभाना चाहिए. चलो, हम सब लोग मिलकर मंदिर बनाएं.'

उद्धव ने कहा था, 'माना जाता है कि जिसे एक संत का आशीर्वाद मिलताहै, वह भाग्यशाली होता है. मेरा भाग्य इतना भाग्यशाली है कि मुझे हजारोंकी संख्या में संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ. यहां आने का मेरा शुद्धउद्देश्य है, मैं कोई लड़ाई करने नहीं आया. हम सबका का कर्तव्य है, इसदेश का हर हिंदू चाहता है कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो.'

## पीएम मोदी ने कहा, अगर अटल जी दोबारा प्रधानमंत्री बनते तो १० साल पहले तैयार हो जाता बोगीबील पुल

**बोगीबील :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगीबील में बने देश के सबसे लंबे रेल सह सड़क पुल का उद्घाटन किया. इस दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक निश्चित समय सीमा के तहत परियोजनाओं को पूरा किया जाना कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि हकीकत बन गया है. मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने विकास परियोजनाओं को लागू करने में ''टालमटोल'' की कार्य संस्कृति को बदल दिया है. पीएम मोदी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत यूपीए सरकार पर तंज कसते हुए कहा





कि हमने 'लटकने भटकने' की पहले की कार्य संस्कृति को बदल दिया है. परियोजनाओं के पूरा होने की समय सीमा कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि वास्तव में सच्चाई बन गई है. प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दूसरी बार जीतते तो बोगीबील पुल २००८-२००९ तक बनकर ही पूरा हो जाता. उनकी सरकार के बाद २०१४ तक परियोजना पर ध्यान नहीं दिया गया. उन्होंने कहा कि बोगीबील पुल पर वाहनों और रेलगाड़ियों की आवाजाही से देश की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होगी. उन्होंने कहा कि यह केवल पुल नहीं है बल्कि असम और अरूणाचल प्रदेश के लोगों की जीवनरेखा है. मोदी ने कहा कि पुल से असम के डिब्रूगढ़ और अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागून के बीच की दूरी ७०० किलोमीटर से घटकर २०० किलोमीटर से भी कम रह जाएगी.

पुल का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने तिनसुकिया-नाहरलागून इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई जो हफ्ते में पांच दिन चलेगी और इससे असम के तिनसुकिया और अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागून के बीच रेलगाड़ी से यात्रा की अवधि दस घंटे से भी कम हो जाएगी.

## नए साल का तोहफा

### जीएसटी टैक्स हुए कम, जनता को मिलेगी राहत




**हुस्नबानों नुरमोहम्मद की कलम से....**

भाजपा सरकार की तरफ से पिछले कुछ समय से सारे सरकारी टैक्स हटा कर, एक टैक्स जीएसटी लागू कर दिया गया था और यह जीएसटी सभी वस्तुओं पर अलग-अलग परसेन्टेज के हिसाब से था।

भाजपा सरकार के इस बढ़े हुए जीएसटी टैक्स से लोग काफी परेशान थे और आज भी परेशान है। अब भाजपा सरकार की तरफ से ऐलान हुआ है कि कुछ चीजों पर जीएसटी टैक्स घटा दिया जाएगा। बता दें कि २३ चीजों पर जीएसटी घटा दिया गया है। यह सुनकर थोड़ी सी तसल्ली हुई और हमने सोचा, चलो, तेरी यह थोड़ी सी सौगातें भी इनायतों से कम नहीं।

जिन २३ वस्तुओं पर जीएसटी घटा दिया गया है, वह १ जनवरी से लागू होगा। वित्त मंत्री अरुण जेटली जी का कहना है कि हमने राजस्व बढ़ाने का इंतजार किया और दरों को धीरे-धीरे कम कर दिया।''

राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद सरकार ने कुछ वस्तु सेवा कर (जीएसटी) कम करके जनता को राहत जरूर दी है, किंतु आम जनता के लिए यह राहत उनकी उम्मीदों से कम ही है। सिनेमा-टिकट, टी.वी. स्क्रीन, पॉव बैंक सहित २३ वस्तु और सेवाओं पर सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) की दरों में कमी का एलान किया गया।

बेसिक, सेविंग बैंक अकाउंट और जन धन खातों से संबंधित सुविधाओं को जन और सब्जियां (पहले ५%) था, इसके अलावा संगीत की किताबें (पहले १२%) था, अब यह वस्तुएं और सेवाएं टैक्स फ्री हो जाएंगी, यह हमारे लिए अच्छी खबर है।

३२ इंच तक के टी.वी. और मॉनिटर, मोबाईल की लिथियम, आयन, बैटरी पॉवर बैक, डिजिटल कैमरा, विडियो कैमरा, रिकॉर्डर, वीडियो गेम और १०० रुपयों से ज्यादा के सिनेमा टिकट, पुराने टायर, गाड़ियों की पुली, ट्रांसमिशन, शेवट, केक, गियर, बॉक्स इन सभी वस्तुओं पर २८% से १८% हुआ टैक्स।

१०० रुपये तक के सिनेमा टिकट, कॉर्क से बना सामान, गुड्स वीइकल का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस प्रीमियम, हज मानसोवर जैसी धार्मिक विमान यात्राएं (बिजनेस क्लास से) इन सभी वस्तुओं पर हुआ १८% से १२% टैक्स।

दिव्यांगों की गाड़ी के कलपुर्जे (पहले २८%) टैक्स था, वॉकिंग स्टिक (पहले १२%) टैक्स था, फ्लाई ऐश ब्लॉक (पहले १२%) टैक्स या, क्रॉक (पहले १२%) था। विशेष विमान से धार्मिक यात्राएं (इकॉनॉमिक क्लास से (पहले १८%) था और अब इन वस्तुओं पर केवल ५% टैक्स लागू होगा।

जीएसटी परिषद की बैठक के बाद ऐसी ही वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी घटाया गया कि जिससे ज्यादा बोझ ना पड़े। जनवरी की पहली तारीख से लागू होने वाली इस कर कटौती से सरकार को सालाना ५.५०० करोड़ रुपये का नुकसान बर्दाश्त करना पड़ेगा। सरकार ने रियल एस्टेट को कोई राहत न देकर अपना खर्च बचा लिया है। ऑटो मोबाई सेक्टर को भी केवल निराशा ही मिली है। रियल इस्टेट और अन्य मामलों में जनवरी में होने वाली बैठक में शायद फैसला लिया जा सकता है। उम्मीद है कि जनवरी में होने वाली बैठक के बाद मकान सस्ते हो जाएं।

सरकार ने जीएसटी की दरों में कमी का एलान करते हुए, इसमें खर्च और आमदनी का संतुलन बनाए रखा है। ऐसा लगता है कि सरकार को इसका फायदा लोकसभा चुनावों से पहले किसानों को कर्ज माफी जैसी कई लोक लुभावन घोषणाएं करने में हो सकता है। क्योंकि उस समय ज्यादा पैसों की जरूरत होगी।

१२५० वस्तुओं या सेवाओं में से सिर्फ २.३३% वस्तुएं ही २८% टैक्स रेट में बची है। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने बताया कि इस टॉप टैक्स ब्रैकेट में अभी ३४ वस्तुएं हैं, जो १ जनवरी से २८ रह जाएगी।

बता दें कि जुलाई २०१७ को जीएसटी लागू होने के बाद २२६ वस्तुएं इस टैक्स स्लैब में थी, डेढ साल में इनमें से १९८ वस्तुएं बाहर की गई हैं। फिलहाल इस टैक्स रेट में लक्जरी या सिन गुड्स हैं, इनमें सीमेंट, वाहन, ऑटोमोबाईल पार्ट्स, एयर क्रॉफ्ट, ए.सी., डिश वॉशर, कोल्ड ड्रिंक, सिगरेट, पान, मसाला जैसी वस्तुएं आती हैं।

**नए जीएसटी रेट के अनुसार :**

१) १८३ गुड्स पर ०% जीएसटी टैक्स
२) ३०८ गुड्स पर ५% जीएसटी टैक्स
३) १७८ गुड्स पर १२% जीएसटी टैक्स
४) ५१७ गुड्स पर २८% जीएसटी टैक्स

लागू होगा। २८% का स्लैब बस समाप्त ही समझिए।

## दाऊद गैंग का गुर्गा ठाणे पुलिस की गिरफ्त में !

### २८ साल पुराने खुनी को अवैध पासपोर्ट के साथ ठाणे अपराध शाखा विभाग १ ने किया गिरफ्तार








**शाईस्ता शेख**

**ठाणे :** अपराध शाखा विभाग १ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितिन ठाकरे को २४.१२.२०१८ सोमवार के दिन गुप्त जानकारी मिली की खून,खंडनी जैसे संगीन मामलो का अपराधी मोहम्मद अहमद खान महाडिक जो की कुर्ला पुलिस स्टेशन,नेहरू नगर पुलिस स्टेशन,विले पार्ले पुलिस स्टेशन,मुंबई से फरार था।

१९९७ में कुर्ला का रहवासी मोहम्मद अहमद खान महाडिक जिस पे २८ साल पहले हैदर नाम के वियक्ति का खून का आरोप था। अपराधी मोहम्मद अहमद खान महाडिक न्यायक हिरासत में था जिसे बाद में न्यायलय से जमानत मिल गई। अदालत की कार्यवाही से बचने के लिए मोहम्मद अहमद खान महाडिक मुंबई से कर्नाटक फरार हो गया था और कर्नाटक राज्य से नकली नाम पठान युसूफ खान उस्मान पता दाण्डेलि, गलोबल ज़ेरॉक्स सेंटर, उत्तर कन्नडा,कर्नाटक राज्य के पते पर नकली दस्तावेज़ों के आधार पे फ़र्ज़ी पासपोर्ट बनाकर २००१ में मस्कत जाके रहने लगा था। ९ महीनो पहले, बी/१, शिमला पार्क, कौसा मुम्ब्रा ठाणे में अपनी बीवी के साथ रहने आया था शायद वो ये भूलगया था की कानून के हाथ लम्बे होते है।

अपराधी मोहम्मद अहमद खान महाडिक को ऐसा लगा की २८ साल पुराना मामला है किसी को याद नहीं होगा .पर अपराधी कितना ही शातिर हो एक दिन उसे कानून के आगे घुटने टेकने पड़ते है ।

जैसे ही इस मामले की गुप्त सूचना अपराध शाखा विभाग १ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितिन ठाकरे को प्राप्त हुई तो, नितिन ठाकरे ने इस मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को दी। और मा.पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर, मा.पुलिस सह आयुक्त मधुकर पांडेय ,मा.पुलिस अप्पर आयुक्त प्रवीण पवार, (अपराध शाखा), मा पुलिस उप आयुक्त दीपक देवराज (अपराध शाखा), मा.सहा.पुलिस आयुक्त बाजीराव भोसले (अपराध शाखा ), मा.सहा.पुलिस आयुक्त एन.टी.कदम (अपराध शाखा) इन के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरक्षक नितिन ठाकरे ,पुलिस निरक्षक रणवीर बयेस, सहायक पुलिस निरक्षक समीर अहीरराव,पुलिस हवलदार आनन्दा भिलारे, रविंद्र पाटिल, पुलिस नायक रविंद्र काटकर, रिज़्वान सय्यद, अजय साबळे ,पुलिस सिपाही राहुल पवार, महिला पुलिस सिपाही नीलम वाकचौरे व दस्ते ने बी/१ ,शिमला पार्क कौसा मुम्ब्रा ठाणे में छापा मारी कर गैंगस्टर मोहम्मद अहमद खान महाडिक को गिरफ्तार किया और उस पे नकली पासपोर्ट बनाने का केस दर्ज किया गया।




## निशाने पर था RSS कार्यालय और दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर, NIA ने ऐसे फेरा मंसूबों पर पानी

**इस्माईल खान**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को दिल्ली और यूपी में १६ जगह छापेमारी की. यह छापेमारी आतंकवादी संगठन के संदर्भ में की गई है. राजधानी दिल्ली समेत यूपी के कई इलाकों में आतंकवादी संगठन के नए मॉड्यूल 'हरकत उल हर्ब-ए-इस्लाम' का खुलासा हुआ है. पुलिस को दिल्ली के जाफराबाद इलाके से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ है, उत्तर प्रदेश के अमरोहा में स्थित एक मदरसा के नजदीक से १० संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है. एनआईए ने यह छापेमारी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी, एंटी टेरेरिस्ट स्कवॉड और यूपी एटीएस की एक ज्वाइंट टीम ने की है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नए मॉड्यूल के निशान पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का दफ्तर और दिल्ली पुलिस का हेडक्वार्टर था. गिरफ्तार किए गए सभी संदिग्धों से एनआईए की एक टीम पूछताछ कर रही है, ताकि घ्एघ्ए के नए मॉड्यूल के बारे में अधिक जानकारी इकट्ठा कर सके. एनआईए ने बुधवार को दिल्ली, यूपी की विभिन्न जगहों पर तलाशी सुबह शुरू की जिसमे उन्हें ग्रेनेड लॉन्चर, ७ पिस्तौल, जिहादी दस्तावेज बरामद हुए हैं. एनआईए की टीम की छापेमारी में खुलासा हुआ है कि आतंकी संगठन का ये मॉड्यूल आरएसएस कार्यालय और दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर को निशाना बनाना चाहते थे.

बता दें कि घ्एघ्ए काफी लंबे समय से भारत में घुसपैठ की कोशिशें कर रहा है. हालांकि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के आगे ये मंसुबें कामयाब नहीं हो सके. इससे पहले भी जुलाई महीने में एनआईए ने कई राज्यों में छापेमारी की थी. यह छापेमारी महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में की गई थी.



## संपादकीय...

### नारी शक्ति को किया प्रणाम

पीएम मोदी ने नारी शक्ति को किया प्रणाम, कहा- महिलाओं केसम्मान का जिम्मा हम सब परप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार कोगुजरात की राजधानी गांधीनगर में बीजेपी की महिला मोर्चा को संबोधितकिया. पीएम ने इस दौरान महिला सशक्तिकरण की बात कही. पीएममोदी ने कहा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का लक्ष्य समाज मेंबेटियों के प्रति सोच को बदलने का है, जो सफलता के साथ आगे बढ़ रहाहै. इसके चलते बेटियों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की गई है.' पीएम नेकहा 'राजनीतिक जीवन हो, आर्थिक जीवन हो या फिर सामाजिकजीवन, महिलाओं के लिए ऐसे बहुत से काम हैं जो पहली बार इसीसरकार के दौरान हुए हैं.' प्रधानमंत्री मोदी ने बीजेपी शासित राज्यों द्वारामहिलाओं के हित में उठाए गए कदमों का जिक्र भी किया.

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि रेपजैसे मामलों में फांसी के अलावा जेल की सजा को बढ़ाकर २० साल तककिया गया है. बलात्कार के सभी मामलों में २ महीने के भीतर जांच पूरीहो, इसके लिए कानून में प्रावधान किया गया है. उन्होंने कहा महिलाओंको सामाजिक सुरक्षा भी मिले, भेदभाव से भी मुक्ति मिले, इसके लिए भीप्रयास किए गए हैं। तमाम रुकावटों के बावजूद, कट्टरपंथियों और विपक्षके विरोध के बावजूद तीन तलाक कानून बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धहै.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उज्जवला योजना के तहत देश की करीब ६करोड़ बहनों को मुफ्त गैस का कनेक्शन पहुंच चुका है. ५ करोड़ कालक्ष्य तो समय से पहले ही पूरा किया गया, अब ८ करोड़ के नज़दीकपहुंच चुके हैं. सरकार ने अब इसका विस्तार करते हुए हर घर तक गैसकनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य रखा है. बीते ४ वर्षों में जो नींव हमने बनाईहै, समाज में जो सकारात्मक परिवर्तन की एक मुहिम खड़ी की है, वोअभूतपूर्व है. ये आजादी के इतिहास में पहली बार है कि सरकार कीज्यादातर फ्लैगशिप योजनाओं के केंद्र में महिलाएं हैं.

कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश कीमहिलाओं को बुनियादी सुविधाएं देने तक की प्राथमिकता जिनकी नहींरही, उनकी नीयत और सोच क्या है, इससे पूरा देश परिचित है.जोराजनीतिक दल दशकों तक सत्ता में रहे और समाजिक परिवर्तन,महिलाओं को लेकर सोच में बदलाव के लिए सिर्फ और सिर्फ समय काइंतज़ार करते रहे, वो अब भी वादे करने में लगे हैं. पीएम मोदी ने कहा, 'हमारा ये मजबूत विश्वास रहा है कि महिलाएं एक कुशल औरअनुशासित मैनेजर होने के साथ-साथ संगठनकर्ता होती हैं.'

# बॉलीवुड समाचार



## 'जीरो' के बाद अब सिर्फ ये दो फिल्में बचा सकती हैं शाहरुख खान का करियर



**सुमन मौर्या**

शाहरुख खान की फिल्म 'जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. फिल्म को समीक्षकों द्वारा मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है. जहां कुछ दर्शकों को फिल्म 'जीरो' काफी अच्छी लग रही हैं, वहीं कुछ लोगों को यह फिल्म प्रभावित करने में असफल रही. हमारी समीक्षा में हमने शाहरुख की इस फिल्म को ३.५ स्टार्स दिए थे. मिक्स्ड रिव्यूज के बावजूद फिल्म 'जीरो' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है. तीन दिन में इस फिल्म ने ५९.०७ करोड़ कमा लिए हैं. आने वाले कुछ दिन इस फिल्म के लिए काफी महत्वपूर्ण होंगे.'जीरो' के बाद अब शाहरुख खान के पास दो फिल्में हैं- 'डॉन ३' और 'सारे जहां से अच्छा . 'डॉन' और 'डॉन २' दर्शकों को काफी पसंद आई थी. ऐसे में अगर 'डॉन ३' दर्शकों को प्रभावित करने में सफल हो जाती हैं, तो शाहरुख के करियर के लिए यह काफी अच्छा होगा. वैसे 'डॉन ३' से पहले 'सारा जहां से अच्छा' रिलीज होगी. यह फिल्म राकेश शर्मा की जिंदगी पर आधारित है. राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय थे. यह फिल्म भी शाहरुख के करियर के लिए काफी अहम है. दीवाना बना देगा बउआ सिंह का रंगीला अंदाज, शाहरुख और कैटरीना की लाजवाब एक्टिंग.

## ऑस्ट्रेलिया के जिस गेंदबाज से खौफ खाते हैं दुनिया के बल्लेबाज वो है विराट कोहली के फैन



**इंडियन** प्रीमियर लीग की टीम रायल चैलेंजर्स बेंगलूर में विराट कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मिशेल स्टार्क ने भारतीय कप्तान को 'बेहतरीन कप्तान' करार दिया है. पर्थ में दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन के साथ मैदान पर कोहली की तीखी बहस पर काफी चर्चा हुई थी और मिशेल जानसन सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने इस दिग्गज बल्लेबाज के बर्ताव की आलोचना की थी.स्टार्क ने हालांकि कोहली का समर्थन किया है. स्टार्क ने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने विराट के साथ कुछ आईपीएल टूर्नामेंट खेले हैं और वह कप्तान के रूप में बेहतरीन है. बेशक वह शानदार खिलाड़ी है.'' रायल चैलेंजर्स बेंगलूर ने २०१४ में स्टार्क को खरीदा था और वह आईपीएल टीम के मुख्य गेंदबाज के रूप में उभरे.कम नहीं हो रही इस भारतीय बल्लेबाज की रन बनाने की भूख, ४१ साल के उम्र में जड़ा ५५वां शतक पिछले साल फरवरी में आरसीबी से उन्होंने नाता तोड़ लिया जिसके बाद इस साल की शुरुआत में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें खरीदा था. स्टार्क हालांकि चोट के कारण २०१८ आईपीएल सत्र से बाहर हो गए और पिछले महीने केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया. रविवार को भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कोहली को भद्रजन करार दिया था जबकि आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने सुझाव दिया था कि कोहली कई तरीकों से भारतीय से अधिक आस्ट्रेलियाई हैं.

## कप्तान विराट कोहली की अपील, हमारे गेंदबाज कर रहे शानदार प्रदर्शन, बल्लेबाज निभाएं अपनी जिम्मेदारी

भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को अपनी टीम के बल्लेबाजों से अपील करते हुए कहा है कि वह बॉक्सिंग डे से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट मैच में गेंदबाजों का समर्थन करें. बीते दो मैचों में भारत के गेंदबाजों ने तो शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन बल्लेबाज पूरी तरह से विफल रहे हैं. कोहली ने बुधवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बल्लेबाजों के लिए यह बेहद जरूरी है कि वह आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं क्योंकि हर कोई देख सकता है कि हमारे गेंदबाज शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि अगर हम दूसरी बल्लेबाजी करते हैं तो हमारी कोशिश बढ़त लेने की होती या विपक्षी टीम द्वारा बनाए गए स्कोर के आस-पास पहुंचने की होती है. अगर आप बड़े स्कोर की बराबरी कर लेते हो तो यह दूसरी पारी का मैच बन जाता है और अगर आप पहली पारी में बड़ी बढ़त ले लेते हो तो आप उसे भुना सकते हो. उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को एक साथ आकर प्रदर्शन करना होगा. मैं निजी टिप्पणी नहीं कहूंगा न ही यह कहूंगा कि उसे यह करना चाहिए या उसे वो करना चाहिए, लेकिन एक बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर हमें निश्चित तौर पर शानदार प्रदर्शन करना



होगा. कोहली बीते दो मैचों के बारे में नहीं सोच रहे हैं. उनका कहना है कि वर्तमान में रहना उनके लिए जरूरी है. कोहली ने कहा कि एक टीम के तौर पर मैं नहीं सोचता कि आप २-० से आगे हैं या २-० से पीछे हैं. अतीत में जो हुआ अब उसका कोई महत्व नहीं है. अहम बात वर्तमान में रहना है. ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लॉयन ने अभी तक खेले गए दो टेस्ट मैचों में १६ विकेट अपने नाम किए हैं. वह भारतीय टीम के लिए अभी तक सरदर्द बने हुए हैं. कोहली ने लॉयन की तारीफ की है. ये भारतीय बल्लेबाज भारतीय कप्तान ने कहा कि लॉयन शानदार गेंदबाज हैं. वह लगातार अच्छे एरिया में गेंदबाजी कर रहे हैं. हमें उनके खिलाफ इस तरह से रणनीति बनानी होगी कि हम उन पर रन कर सकें क्योंकि अगर वह एक ही जगह लगातार गेंदबाजी करेंगे तो उन्हें खेलना और मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने कहा कि आपको इस तरह की चीजों पर ध्यान देना होता है कि कौन अच्छी गेंदबाजी कर रहा है और आपको उसके खिलाफ कैसे खेलना है. कोहली ने कहा कि लॉयन को खेलने को लेकर टीम उन्हें एक चुनौती के तौर पर ले रही है. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि एक स्पिनर का ऑस्ट्रेलिया में शानदार गेंदबाजी करना बड़ी बात है. हमें उन्हें एक चुनौती के तौर पर ले रहे हैं. हम उनके खिलाफ अपने खेल में सुधार करना चाहते हैं. हमने अभ्यास सत्र में इस पर काफी पसीना बहाया है. अब सारी बात इसकी है कि हम अपनी रणनीति को लागू कर पाते हैं या नहीं. कोहली ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया में बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेलने को लेकर खासे उत्साहित हैं. उन्होंने कहा कि यह शानदार मौका है. पहले दिन काफी उत्साह से भरा होता है. हमें उम्मीद है कि काफी लोग मैच देखने आएंगे, शायद ८०,००० से ज्यादा. मैं दो बार पहले भी इसका अनुभव कर चुका हूं.

## एनडीए के एक और सहयोगी ने दिखाए बागी तेवर, नाराज अनुप्रिया पटेल कार्यक्रम रद्द कर दिल्ली लौटीं

**शाहीन सय्यद**

बीजेपी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के लिए लोकसभा चुनाव २०१९ से पहले मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही. बिहार में हाल में ही एनडीए से उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के बाहर होने के बाद अब उत्तर प्रदेश में एनडीए की सहयोगी अपना दल-सोनेलाल (अनुप्रिया गुट) ने आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व के प्रति नाराजगी जाहिर की है. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष पटेल ने कहा है कि न केवल अपना दल बल्कि बीजेपी के भी कई विधायक, सांसद और मंत्री प्रदेश शासन से नाराज हैं. पटेल ने मिर्जापुर में संवाददाताओं से बातचीत में प्रदेश सरकार से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अपना दल के कोटे से केन्द्र में मंत्री बनीं अनुप्रिया पटेल को उत्तर प्रदेश में वह सम्मान नहीं मिलता जिसकी वह हकदार हैं. यहां तक कि उन्हें मेडिकल कॉलेजों के उद्घाटन कार्यक्रमों में भी नहीं बुलाया जाता.

बता दें कि अनुप्रिया पटेल केंद्र में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री हैं. बताया जा रहा है कि अनुप्रिया यूपी के सारे कार्यक्रम रद्द कर दिल्ली लौट आई हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, अनुप्रिया को देवरिया में एक मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करना था लेकिन उन्होंने कार्यक्रम रद्द कर दिया और दिल्ली चली आईं.उधर, आशीष पटेल का यह भी कहना है कि न केवल अपना दल बल्कि खुद बीजेपी के विधायक, सांसद और यहां तक कि मंत्री भी प्रदेश 'शासन-सरकार' से नाराज हैं और वे



केन्द्रीय नेतृत्व से मिलकर अपनी नाराजगी जाहिर करना चाहते हैं. हालांकि पटेल ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अगले चुनावों के बाद भी नरेन्द्र मोदी को ही प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है लेकिन सहयोगियों को बराबर का सम्मान मिलना चाहिए.

यह पूछने पर कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के हाल के विधानसभा चुनाव में बीजेपी की पराजय के बाद २०१९ में एनडीए कमजोर हो जाएगा, उन्होंने कहा ''ऐसा नहीं है. हम २०१४ में भी बीजेपी के साथ थे जब उनके दुर्दिन चल रहे थे. हालांकि पटेल ने कहा कि चुनावों में हार चिंताजनक है और बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व को इस पर विचार करना चाहिए. ळइ-दिल्ली में घ्एघ् के नए मॉड्यूल का खुलासा, १६ जगहों पर ऴँ की ताबड़तोड़ छापेमारी

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसपी, बीएसपी का भावी गठबंधन एक चुनौती है और उसका सामना करने के लिए एनडीए को अपना दल जैसे अपने घटक दलों के साथ बैठकर विचार-विमर्श करना चाहिए. यह पूछे जाने पर कि लोकसभा के चुनाव में अपना दल बंटवारे के तहत कितनी सीटों की अपेक्षा करता है, पटेल ने कहा कि यह समय आने पर बताया जाएगा, लेकिन हमारी ताकत पहले से बढ़ी है. हम सम्मान के भूखे हैं.प्रदेश सरकार से विशेष तौर पर निगम अध्यक्षों के खाली पदों पर अपना दल के लोगों को नहीं चुने जाने पर पार्टी अध्यक्ष ने नाराजगी जतायी और कहा कि ''सरकार क्यों इंतजार करती रहती है कि दूसरी पार्टी के लोग पिछले दरवाजे से घुस आएं और फिर उन नियुक्तियों को रद्द करना पड़े.

## जम्मू-कश्मीर: कुपवाड़ा में LOC पर पाकिस्तान ने किया संघर्ष विराम उल्लंघन, दो जवान शहीद

**जम्मू-कश्मीर:** कुपवाड़ा में लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तान ने किया संघर्षविराम उल्लंघन, दो जवान शहीद जम्मू एवं कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तानी सैनिकों के संघर्षविराम उल्लंघन में सेना के दो जवान शहीद हो गए.

सेना के एक अधिकारी ने बताया कि केरन सेक्टर में सुबह ११ बजकर ५५ मिनट पर पाकिस्तान ने बिना उकसावे के गोलीबारी की. गोलीबारी में एक जूनियर कमिशंड अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गया और एक अन्य घायल जवान की अस्पताल में मौत हो गई. उधर, बारामूला जिले के एक गांव में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर और तलाशी अभियान शुरू किया. रफियाबाद क्षेत्र के कुशीपोरा गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया.

## कांग्रेस नेता राज बब्बर का बीजेपी पर हमला

### कहा- हनुमान जी को छेड़ा तो उनकी पूंछ के वार से ३ प्रदेश में हारी, अब लंका में लगेगी आग

हनुमान जी की जाति को लेकर देश में चल रहे विवाद पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर ने बीजेपी पर हमला बोला है. बब्बर ने हनुमान जी पर हो रही बयानबाजी को वाहियात बताया. उन्होंने बीजेपी को नसीहत देते हुए कहा कि देखो ज्यादा मत छेड़ो हनुमान जी को, उनकी पूंछ के वार से तीन प्रदेश तो चले गए हैं, अब तुम्हारी लंका में आग लगने वाली है. बब्बर यहां बीजेपी की तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़) में हुई हार की ओर इशारा कर के बोल रहे थे. बता दें कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के समय से ही देश में हनुमान जी पर बयानबाजी पर चल रही है.उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान हनुमान को दलित जाति का बताया था. फिर बीजेपी के



चर्चित विधान परिषद सदस्य बुक्कल नवाब ने हनुमान जी को मुसलमान बताया था. नवाब ने कहा था कि हनुमान जी हमारे हिसाब से मुसलमान थे. इसीलिए मुसलमानों में जो नाम रखे जाते हैं यानी रहमान, फुरकान, जीशान, अरमान वगैरह जितने भी नाम हैं, ऐसे कम से कम १०० नाम हैं, जो हनुमान जी पर ही मिलेंगे. इसलिए हम समझते हैं कि हनुमान जी मुसलमान थे.

वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने हनुमान जी को जाट बताया. चौधरी ने कहा कि जाट प्रभु हनुमान के वंशज हैं. हनुमान जी जाट थे.

## गहलोत सरकार में मंत्रियों ने ली शपथ

### कई दिग्गजों को नहीं मिली जगह



राजस्थान में नवनिर्वाचित अशोक गहलोत सरकार के नए मंत्रिमंडल के लिए विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है । शपथ ग्रहण समारोह सोमवार २४ दिसम्बर जयपुर स्थित राजभवन में आयोजित किया गया। राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह ने अशोक गहलोत सरकार के मंत्रिमंडल के लिए १३ कैबिनेट और १० राज्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण दिलाई। काफी खींचतान के बाद मंत्रिमंडल के सदस्यों के नाम फाइनल हुए थे।

राजभवन में आयोजित समारोह में बीडी कल्ला, शांति धारीवाल, डॉ रघु शर्मा, लालचंद कटारिया, प्रमोद जैन भाया, परसादी लाल मीणा, विश्वेन्द्र सिंह, हरीश चौधरी, रमेश चंद्र मीणा, मास्टर भंवर लाल मेघवाल, प्रताप सिंह खाचरियावास, उदय लाल आंजना और सालेह मोहम्मद ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। कैबिनेट में राज्यमंत्री के रूप में शामिल सुभाष गर्ग राष्ट्रीय लोकदल से है।

वहीं विधायक गोविंद सिंह डोटासरा, ममता भूपेश, अर्जुन सिंह बामणिया, भंवर सिंह भाटी, सुखराम विश्नोई, अशोक चांदना, टीकाराम जोली, भजनलाल जाटव, राजेन्द्र सिंह यादव और आरएलडी के सुभाष गर्ग ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। गहलोत ने पार्टी के १ दर्जन दिग्गज नेताओं को इस बार किनारे कर दिया है। इन नेताओं को ना तो कैबिनेट और ना ही राज्यमंत्री के तौर पर जगह मिल पाई है। जिनमें सीपी जोशी, भरत सिंह, परसराम मोरदिया, महेश जोशी आदि शामिल हैं। इनका नाम इस मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं होने पर सियासतदार भी हैरान हैं। साथ ही कई तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। गहलोत के मंत्रिपरिषद में १७ चेहरे ऐसे हैं, जो कि पहली बार मंत्री बनें है ।

## अंधविश्वास के चलते बेटे ने मां की लाश के साथ कमरे में गुजारे १८ दिन, २१वें दिन था दफनाना, फिर ऐसे खुली पोल

**कोलकाता :** कोलकाता में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां अंधविश्वास के चलते एक बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां के मौत के बाद उसका अंतिम संस्कार ना करके वह शव के साथ ही घर में १८ दिन तक बंद रहा. वह २१ दिन बाद अपनी मां को घर में ही दफनाना चाहता था. लेकिन घर में अचानक से उसके एक रिश्तेदार को आ जाने से पूरा मामला ही खुल गया. रिश्तेदार द्वारा पुलिस को शिकायत मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को बरामद कर युवक को अपने हिरासत में लिए.

यह मामला कोलकाता के साल्ट लेक इलाके का है. जहां मैत्रेय भट्टाचार्य नाम का युवक अपनी ७७ वर्षीय बुजुर्ग मां कृष्णा भट्टाचार्य जो टीचर रह चुकी है. उसके साथ रहता था. सोमवार को मैत्रेय भट्टाचार्य के घर अचानक से उसके रिश्तेदार के पहुंचने के बाद मालूम पड़ा की उसके मां के मौत हो चुकी है और उसके लाश को वह आलमारी में बंद करके रखा है. लेकिन वह मां के शव के बारे में बोल रहा है कि वह २१ होने पर मां का शव घर में ही दफनाएगा. इस बात को सुनकर तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया.

**घर के अलमारी से शव बरामद**

सूचना मिलते ही बिधाननगर (उत्तर) थाना पुलिस मौके पर जा पहुंची. जब पुलिस ने घर के अंदर एक कमरे में रखी अलमारी खोली तो पुलिसवालों के होश उड़ गए. अंदर एक महिला की सड़ी गली लाश पड़ी थी, जिससे दुर्गंध आ रही थी. जिसके बाद पुलिस ने कमरे में मौजूद मैत्रेय को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और शव को पंचनामे की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस के पूछताछ में मैत्रेय ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां के शव को २१ दिन बाद घर में दफनाना चाहता था. ऐसा करना उसके लिए शुभ होता. इसी वजह से उसने अपने एक परिचित को बुलाया था, ताकि घर में कब्र खोदी जा सके. लेकिन घर में बीडोन स्ट्रीट निवासी को घर में आने से उस बात को उन्हें मालूम होने पर उन्होंने पुलिस को इसके बारे में सूचना दे दी.

**पुलिस कार्रवाई करने से पहले मनोचिकित्सक डॉक्टरों की लेगी मदद**

मां के साथ ऐसा वर्ताव करने को लेकर मैत्रेय को पुलिस अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. लेकिन वो अजीब तरह की बेतुकी बातें कर रहा है. वहीं बुजुर्ग महिला कृष्णा के मौत को लेकर फिलहाल साफ नहीं हो पा रहा है कि उसकी मौत खुद से हुई या फिर इसके पीछे बेटे का कोई अंधविश्वास है. अब ऐसे में पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है. पुलिस मामले में कारवाई करने से पहले मनोचिकित्सक या डॉक्टर की सलाह लेना चाह रही है. बता दें कि पिछले ३ साल में कोलकाता में ऐसे ३ मामले सामने आ चुके हैं. और इस तरह का अब यह चौथा मामला है.

# मौत के बाद भी सोशल मीडिया पर एक्टिव थी डॉक्टर की पत्नी, सच सामने आया तो हैरान रह गई पुलिस

**गोरखपुर :**उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक डॉक्टर को उसकी दूसरी पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. डॉक्टर के साथ दो अन्य लोग भी गिरफ्तार किए गए हैं. डॉक्टर ने पत्नी के रिश्तेदारों को गुमराह करने के लिए उसका सोशल मीडिया एकाउंट महीनों एक्टिव रखा. उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स के महानिरीक्षक अमिताभ यश ने बताया कि एसटीएफ ने राजेश्वरी श्रीवास्तव की हत्या के सिलसिले में पिछले सप्ताह डॉ. डी. पी. सिंह और उसके दो साथियों प्रमोद कुमार सिंह और देशदीपक को गिरफ्तार किया.यश ने बताया कि राजेश्वरी श्रीवास्तव गोरखपुर से लापता थी. उसके भाई अमर प्रकाश श्रीवास्तव ने शाहपुर थाने में उसके लापता होने या अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी थी. जांच के दौरान पता चला कि डॉक्टर ने दो साथियों की मदद से दूसरी पत्नी की हत्या जून २०१८ में नेपाल में की थी. पहले उन्होंने राजेश्वरी को शराब और नशे की दवाइयां दीं और बाद में नेपाल के पोखरा की एक पहाड़ी से उसे नीचे ढकेल दिया. नेपाल पुलिस ने उसका शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराया था.आईजी ने बताया कि आरोपी ने हत्या के सात महीने बाद तक पत्नी का सोशल मीडिया एकाउंट सक्रिय रखा और उसे लगातार अपडेट करता रहा. राजेश्वरी २०११ में अपने पिता के साथ डॉ. डी. पी. सिंह के क्लीनिक में इलाज के लिए गयी थी. उसी वर्ष उसने डॉक्टर से गोण्डा में विवाह कर लिया. बाद में पति पत्नी में अकसर झगडे.होने लगे. राजेश्वरी ने गोरखपुर के कैंट थाने में सिंह के खिलाफ बलात्कार का मामला भी दर्ज कराया था. फरवरी २०१८ में उसने बिहार में गया के रहने वाले मनीष सिन्हा से विवाह किया, जिस पर पहले पुलिस ने शक किया था. पूछताछ के दौरान डॉक्टर और उसके दोनों साथियों ने कबूल किया कि उन्होंने ही नेपाल में राजेश्वरी की हत्या को अंजाम दिया.

# माता-पिता ने बिना पूछे कराई बहन की शादी, भाई ने गुस्से में चलाई गोली, मां की हुई मौत

**बदायूं :** बदायूं जिले के इस्लामनगर थानाक्षेत्र में एक पुत्र ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी मां की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने आज बताया कि कस्बा इस्लामनगर के मुहल्ला नई बस्ती निवासी हाकिम अपनी पत्नी नूरजहां (५५) के साथ रह रहे थे . उनके चार बेटे हैं. सभी दिल्ली में काम करते हैं. दंपति ने नवम्बर में अपनी बेटी सोनम का निकाह बेटों से बिना पूछे जनपद संभल के नईम से कर दिया था. इसको लेकर चारों पुत्र माता-पिता से नाराज थे और निकाह में भी शामिल नहीं हुए थे.

सिंह ने बताया कि अभी चार दिन पहले ही बड़ा बेटा इकबाल घर आया था और बहन की शादी को लेकर लगातार माता-पिता से विवाद कर रहा था. उन्होंने बताया कि बीती रात इकबाल ने बहन सोनम पर अपने पति से तलाक लेने का दबाव बनाया. सोनम के इंकार करने पर वह उसे पीटने लगा.सिंह ने बताया कि मां नूरजहां बीच बचाव करने आयी तो इकबाल ने तमंचे से उस पर गोली चला दी.नूरजहां की मौके पर ही मौत हो गयी.

# इंसानियत हुई शर्मसार

**पंजाब :** पंजाब के रूपनगर में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एकघटना सामने आई है. जहां सत्रह वर्षीय नाबालिग लड़की से उसके पिताऔर उसके दोस्त ने कथित तौर पर कई बार दुष्कर्म किया जिसके बादवह गर्भवती हो गई. मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार कोमामला दर्ज किया गया.रूपनगर सिविल लाइंस थाने के एसएचओ भरतभूषण ने बताया कि लड़की सात महीने की गर्भवती है.

वह इस जिले के एक गांव में अपने पिता के साथ रह रही थी. पुलिस केमुताबिक लड़की के पिता और उसके एक दोस्त ने कई बार उससे दुष्कर्मकिया. लड़की के गर्भवती होने के बारे में एक महिला एवं बाल संगठन नेपुलिस को सूचित किया था. पुलिस ने बताया कि लड़की की चिकित्सकीय जांच करायी गयी औरपिता तथा उसके दोस्त पर आईपीसी की धारा ३७६ (दुष्कर्म) और ३४ (समान मंशा से कई लोगों द्वारा किया गया कृत्य) और यौन अपराधों सेबच्चों का संरक्षण (पोक्सो) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया. थानाप्रभारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापे मारे जा रहे हैं.

# कंप्यूटर निगरानी विवाद: राहुल गांधी बोले, भारत को 'पुलिस स्टेट' बनाने से आपकी समस्याएं हल नहीं होंगी

**जाफर शेख**

**कांग्रेस** अध्यक्ष राहुल गांधी ने निजी कंप्यूटरों को जांच एजेंसियों की निगरानी के दायरे में लाने के सरकार के आदेश को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है. राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि देश को 'पुलिस राज' में तब्दील करने से मोदी की समस्याएं हल नहीं होंगी. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे सिर्फ यही साबित होने वाला है कि मोदी एक 'असुरक्षित तानाशाह' हैं. गांधी ने ट्वीट कर कहा कि मोदी जी, भारत को पुलिस राज में बदलने से आपकी समस्याएं हल नहीं होने वाली है. उन्होंने कहा कि इससे एक अरब से अधिक भारतीय नागरिकों के सामने सिर्फ यही साबित होने वाला है कि आप किस तरह के असुरक्षित तानाशाह हैं. उल्लेखनीय है कि सरकार ने १० खुफिया और जांच एजेंसियों व दिल्ली पुलिस को आदेश दिया है कि किसी भी कंप्यूटर को भेदा जाए, उसकी निगरानी की जाए और उसे डिक्रिप्ट



किया जाए. विपक्ष ने सरकार के इस आदेश को देश को एक 'सर्विलांस और ओर्वेलियाई स्टेट' बनाने जैसा करार दिया है. विपक्ष ने सरकार पर निजता केअधिकार का हनन करने का आरोप लगाया है. कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने संसद के बाहर कहा कि बीजेपी सरकार इस आदेश के जरिए भारत को एक निगरानी अधीन राज्य (सर्विलांस स्टेट) में बदल रही है. यह मूलभूत अधिकारों और निजता के अधिकारों का हनन है. उन्होंने कहा कि यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसले 'निजता का अधिकार मूलभूत अधिकार है' का सीधा उल्लंघन है. वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा कि अगर कोई हमारे कंप्यूटरों पर नजर रखने जा रहा है तो यह एक 'ओर्वेलियन स्टेट' है.

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सरकार के इस आदेश पर ट्विटर पर निशाना साधा और कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को १० केंद्रीय एजेंसियों को 'किसी भी कंप्यूटर' में तैयार, ट्रांसमिट, प्राप्त या संग्रहित 'किसी भी सूचना' को भेदने, उनका निरीक्षण करने और उसे डिक्रिप्ट करने की इजाजत दे दी है.

# बेटी से दुष्कर्म और हत्या करने वाले पिता को कोर्ट ने सुनाई फांसी, कहा- 'मौत होने तक फांसी के फंदे पर लटकाओ'


**भोपाल:** मध्य प्रदेश की भोपाल कोर्ट ने अफज़ल नाम के एक आरोपी पिता को बेटी के साथ पहले दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या करने के आरोप में फांसी के सजा सुनाई है. कोर्ट ने आरोपी के बारे में आदेश दिया है कि उसे फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाए जब तक उसकी मौत ना हो जाए. बता दें कि उसने अपनी मासूम बेटी की हत्या इस शव के बुनियाद पर कर दिया था कि वह उसकी बेटी नहीं है.



पिछले साल १५ मार्च २०१७ भोपाल के लालघाटी स्थित बरेला गांव की है. अफजल को अपनी ६ वर्षीय बेटी को पैदा होने के बाद से उसे शक था कि वह उसकी बेटी नहीं है. क्योंकि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शाक था. इसी शंका में एक दिन जब उसकी पत्नी घर से बाहर थी. उस समय उनसे अपनी मासूम बेटी के साथ पहले दुष्कर्म किया बाद में उसका गला घोटकर उसे फंसी के फंसे पर लटका दिया. ४ साल की बच्ची के साथ हुआ था डिजिटल रेप, आरोपी को मिली २० साल की सजा, जानें क्या है पूरा मामलाघटना को अंजाम देने के बाद उसने संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी बेटी की हत्या होने को लेकर इसकी सूचना उसने स्थानीय पुलिस को दी.

घटना स्थल पर पुलिस पहुंच कर बच्ची का शव बरामद किया. जिसके बाद उसने मासूम का पोस्टमार्टम करवाया और रिपोर्ट में मालूम पड़ा कि बच्ची के साथ पहले दुष्कर्म की कोशिश की गई है. इसके बाद उसका गला घोटा गया है. शर्मनाक! पत्नी से झगड़े के बाद हैवान बाप ने किया अपनी ३ साल की मासूम बेटी का रेप, गिरफ्तार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू की. जिसके बाद पुलिस ने मासूम के हत्या को लेकर अफजल समेत करीब आधा दर्जन लोगों का डीएनए ॐ टेस्ट करवाया. रिपोर्ट में अफजल का डीएनए DNA टेस्ट मैच होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया. कोर्ट में बेटी के साथ दुष्कर्म और हत्या करने को लेकर चली सुनवाई के बाद कोर्ट के आरोपी अफजल को मामले में फांसी की सजा सुनाते हुए शख्त आदेश दिया है कि आरोपी को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाए जब तक उसकी मौत ना हो जाए.

# डेंगू का प्रकोप नहीं ले रहा है थमने का नाम, सर्दियों के मौसम में भी सामने आए इसके कई मामले



**नई दिल्ली:** देश की राजधानी दिल्ली में डेंगू का प्रकोप थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, यही वजह है कि सर्दियों का मौसम होने के बावजूद यहां डेंगू के नए मामले लगातार सामने आ रहे हैं. यह बात दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की एक रिपोर्ट में सामने आई है. एमसीडी द्वारा सोमवार को जारी साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक सप्ताह के भीतर दिल्ली में डेंगू के २४ नए मामले सामने आए हैं जिनको मिलाकर दिसंबर में अब तक कुल १४१ मामले हो चुके हैं. पिछले साल २०१७ में दिसंबर में डेंगू के ८१ मामले सामने आए थे.

दिल्ली में अब तक डेंगू से चार लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें वजीराबाद इलाके की एक १३ साल की लड़की भी शामिल है. अन्य तीन मामले पश्चिमी और उत्तरी दिल्ली में सामने आए हैं. रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में २०१८ में अब तक डेंगू के २,७९८ मरीज पाए गए हैं. पिछले साल ४,७११ डेंगू के मरीज पाए गए थे.

एमसीडी के अनुसार, २०१५ में दिल्ली में डेंगू का भारी प्रकोप देखा गया जब ११,८०० मामले पाए गए, जिनमें ६० लोगों की मौत हो गई. रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह मलेरिया के कोई नए मामले सामने नहीं आए हैं जबकि इस महीने मलेरिया से दो लोगों की मौत हो चुकी है। शहर में नवंबर में मलेरिया के ३३ मामले पाए गए. इस साल अब तक मलेरिया के ४७३ मामले आए हैं जबकि २०१७ में ५७५ मामले आए थे.दिल्ली में डेंगू का आतंक, महज दो हफ्ते में करीब ३५० मामले आए सामने

वहीं, चिकनगुनिया का सिर्फ एक मामला इस सप्ताह सामने आया है, जिसको मिलाकर दिसंबर मे अब तक चार मामले हो गए, जबकि नवंबर २८ मामले सामने आए थे. इस साल अब तक चिकनगुनिया के १६५ मामले सामने आए हैं, जबकि पिछले ५५७ मामले दिल्ली में पाए गए थे.

# इंडोनेशिया में सुनामी पीड़ितों की खोज; मरने वालों की संख्या ३७३!!

सैकड़ों शवों को इकट्ठा करने और घायलों को बचाने के प्रयासों नेसोमवार को इंडोनेशिया में देश की नवीनतम सुनामी के बाद आगे बढ़ा दिया गया, क्योंकि वैज्ञानिकों ने इस पर साक्ष्य एकत्र किए कि ' कैसे एकज्वालामुखी विस्फोट से सप्ताहांत की त्रासदी हुई?'



शनिवार रात की आपदा से हताहतों की संख्या में वृद्धि जारी रही, कम सेकम ३७३ लोगों की मौत की पुष्टि हुई और १४०० से अधिक घायल हुए।मरने वालों की संख्या में और इजाफा होना तय था, १२८ लोग अभी भी पश्चिमी जावा और दक्षिणी सुमात्रा द्वीपों के तट के साथ प्रभावित क्षेत्रों से लापता हैं, जहाँ सैकड़ों सैन्यकर्मी और स्वयंसेवक मलबे में दबे समुद्र तटों के साथ अपनी गंभीर खोज कर रहे थे। जहाँ पीड़ित पाए गए, पीले, नारंगी और काले रंग के बॉडी बैग रखे गए थे, और रोते हुए रिश्तेदारों ने मृतकों की पहचान की।

सुंडा जल मरूमध्य के साथ स्थानीय लोगों और पर्यटकों को समुद्र मेंबहने वाली लहरों ने दुनिया के सबसे कुख्यात ज्वालामुखी द्वीपों में से एक, 'अनारक क्राकटु' पर विस्फोट और स्पष्ट भूस्खलन, या 'क्राकाटोका बच्चा' कहा। लहरों से होटल और सैकड़ों घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कंक्रीट के टूटे हुए चिट्ठों और लकड़ी के कड़े छिलके 'हार्ड-हिट' तटीय क्षेत्रों में, लोकप्रिय समुद्र तट क्षेत्रों को वीरान शहरों में बदल दिया। थैच-बांस की छतों से मलबा तट के किनारे बिखरा हुआ था। सबसे ज्यादा प्रभावित बंटेन क्षेत्र के इंडोनेशियाई मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि इसने डॉक्टरों, चिकित्सा आपूर्ति और उपकरणों को भेजा, और कई घायलों को आर्थोपेडिक और न्यूरोलॉजिकल सर्जरी की जरूरत थी। इसमें कहा गया है कि ज्यादातर पीड़ित घरेलू पर्यटक हैं जो क्रिसमस से पहले लंबे सप्ताहांत के दौरान समुद्र तटों का दौरा कर रहे थे। इस साल सक्रिय रूप से सक्रिय इंडोनेशिया से टकराने वाली यह दूसरी घातक सुनामी थी। शक्तिशाली भूकंप ने सितंबर में सुलावेसी द्वीप पर आई सूनामी को भड़का दिया, जिससे निवासियों को लहरों से पहले चेतावनी दी गई। शनिवार की रात, हालांकि, लोगों को अलर्ट करने से पहले जमीन हिली नहीं थी, क्योंकि लहरों ने अपनी नींव से इमारतों को चीर दिया और एक रिसॉर्ट समुद्र में जश्न मना रहे लोगों को भयभीत कर दिया।

'मैंने लोगों को भागते हुए चिल्लाते हुए सुना और मैंने देखा कि पानी मुख्य भूमि तक चला गया था और होटल में पानी भर गया था,' साक्षी फैरी अर्दियान ने कहा। 'लहरों द्वारा लगभग २०० लोगों को खींच लिया गया था।'

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए नाटकीय वीडियो में इंडोनेशियाई पॉप बैंड 'सेवेनटीन' को राज्य के बिजली कंपनी के कर्मचारियों के लिए एक संगीत समारोह में तंजुंग लेसुंग समुद्र तट पर एक तम्बू में प्रदर्शन करते दिखाया गया। बैंड और उसके उपकरणों को दर्शकों के बीच पानी की एक तरंग ने अस्थायी मंच को तोड़ मरोड़ के रख दिया।

'सेवेनटीन' का बास खिलाड़ी, गिटारवादक, ड्रमर, सड़क प्रबंधक और तकनीशियन सभी मारे गए। प्रमुख गायक, राइफ़ियन फ़जरसिहा बच गया, लेकिन उसकी पत्नी, जो एक बैकअप गायक भी थी, गायब है। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, क्लाइमेटोलॉजी और भूभौतिकी एजेंसी के प्रमुख द्विकोरिता कर्णावती ने सोमवार को कहा कि सुनामी क्रैकटाऊ की ज्वालामुखी गतिविधि के कारण हुई थी, इसलिए एजेंसी के सेंसर द्वारा नहीं उठाया जा सकता था, जो पारंपरिक टेक्टोनिक भूकंपों की निगरानी करते हैं जो अधिक से अधिक इंडोनेशिया की ९० प्रतिशत सुनामी के लिए जिम्मेदार हैं।

अनक क्रैकटाऊ के अभी भी उगल रहा है, एजेंसी ने आने वाले दिनों में तटीय क्षेत्रों के आसपास की गतिविधियों से बचने के लिए लोगों को चेतावनी दी है।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने आपदा क्षेत्र में हेलीकाप्टर से पहुंचने के बाद पत्रकारों से कहा कि उन्होंने सामाजिक मंत्रालय को मृतकों के परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा देने का आदेश दिया है। उन्होंने स्थानीय सरकारी अधिकारियों के साथ सेना और पुलिस की प्रशंसा की, तटवर्ती क्षेत्रों को खाली करने में उनके काम के लिए, जिन्हें अभी भी एक खतरे का क्षेत्र माना जा रहा है।

इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के वैज्ञानिकों सहित, वैज्ञानिकों ने कहा कि सुनामी भूस्खलन के कारण हो सकती है - या तो जमीन के ऊपर या पानी के भीतर - जो कि ज्वालामुखी के उफनते ढलान पर है। वैज्ञानिकों ने पूर्णिमा के कारण ज्वार की लहरों का भी हवाला दिया।

३०५-मीटर (१०००-फुट) -इंच अनक क्राकटू हिंद महासागर और जावा सागर को जोड़ने वाले जावा और सुमात्रा द्वीपों के बीच सुंडा जलडमरूमध्य में एक द्वीप पर स्थित है। भूभौतिकी एजेंसी ने कहा कि जून के बाद से इसका प्रकोप हो रहा है और सूनामी से लगभग २४ मिनट पहले ऐसा किया था।

१८८३ में क्रैकटोआ ज्वालामुखी के विस्फोट के बाद वर्षों में गठित ज्वालामुखी द्वीप, दर्ज इतिहास में सबसे बड़ा, सबसे विनाशकारी है। उस आपदा ने ३०,००० से अधिक लोगों को मार डाला, दूरगामी सुनामी का शुभारंभ किया और इतनी राख पैदा की, कि दिन को रात क्षेत्र में बदल दिया गया और वैश्विक तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

शनिवार की सुनामी ने २६ दिसंबर, २००४ को इंडोनेशिया में आए बड़े पैमाने पर ९.१ तीव्रता के भूकंप की यादों को फिर से ताजा कर दिया। इसने सुमात्रा द्वीप पर एक विशाल सूनामी फैला दी, जिससे एक दर्जन देशों में २३०,००० से अधिक लोग मारे गए - बहुमत इंडोनेशिया में थे।

# ८ साल की बच्ची की गवाही से नानी पहुंची सलाखों के पीछे, करतूतें जानकर आपके भी रोगंटे खड़े हो जाएंगे

**दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली से एक बेहद ही चौंकाने वाली खबर सामने आई है. यहां एक नानी ने अपनी ही पोतियों को जहर देकर मारने की साजिश की. नानी ने अपनी २ पोतियों को जहर दिया, खुशकिस्मती से दोनों में से एक बच्ची बच गई. इस बच्ची ने अपनी नानी की काली करतूतों को सबके सामने रखा. बच्ची के खुलासे के बाद ६८ वर्षीय उसकी नानी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. इसके बाद अदालत ने नानी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. मिली जानकारी के अनुसार 'महिला ने अपनी पोतियों को ऐल्युमिनियम फॉस्फाइड टैबलेट दिय, जो ५ साल की बच्ची के लिए जानलेवा साबित हुई. अदालत ने इस महिला पर हत्या और हत्या की कोशिश के आरोप तय किए हैं.

महिला को घ्ङ्ग की धारा (३०२) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. इसके अलावा दूसरी बच्ची की हत्या की कोशिश में में घ्ङ्ग की धारा ३०७ के तहत दोषी करार देते हुए ७ साल की सजा और एक हजार का जुर्माना लगाया गया है. पहले पिता पर लगा था आरोप इस मामले में पहले बच्चियों के पिता पर केस चला था, लेकिन बेकसूर साबित होने के बाद उन्हें बरी कर दिया गया. इसके बाद कोर्ट ने बच्चियों की नानी को समन भेजा. कोर्ट ने नानी पर पोती के मर्डर का आरोप लगाया. यह मामला १ साल पुराना है. बच्चियों की नानी पर आरोप है कि महिला ने बच्चियों से वो गोलियां खाने को कहा था. बच्चियां अपनी मां के साथ नानी के साथ रहती थीं और उनका पिता यूपी में रहता था. दोनों बहनों में से बड़ी बहन मुस्कान की जान बच गई. शुरुआत में बच्ची ने अपने पिता का नाम लिया था लेकिन बाद में उसने बताया कि नानी ने धमकियां देकर गोली खाने के लए फोर्स किया था.

सच्चाई की जांच करने पर भी पता चला कि पति-पत्नी दोनों अलग रहते थे, जिसका कारण कुछ विवाद था. शादी का झांसा देकर ठगी करने वाला दूल्हा गिरफ्तार, अब तक २१ लड़कियों को बना चुका है शिकार पोती ने बताया नानी का सच मुस्कान ने कोर्ट को बताया कि 'मैं नानी से प्यार नहीं करती उन्होंने हमें जहर दिया.' बच्ची के बयान के मुताबिक उसकी नानी नूर जहां ने दोनों बहनों को कुछ खाने को दिया था. नानी ने रुखसाना से कहा कि वह दवा खाए और अपनी बहन को भी खिलाए, जो काले रंग की थी. नानी ने कहा था कि वह एक टैबलट खाए और एक बहन को खिलाए. मुस्कान ने बताया कि उसे खाते ही बहन के नुंह से झाग निकलने लगा. विसरा के फरेंसिक ऐनालिसिस में भी ऐल्युमिनियम फॉस्फाइड के अंश मिले. सरकारी वकील ने कहा कि पिता को फंसाने के लिए मां और नानी बच्चियों को धमकियां दे रहे थे.

# आधार के लिए दबाव डाला तो १० साल जेल

**नई दिल्ली,** आधार कार्ड की अनिवार्यता को लेकर केंद्र सरकार ने अहम फैसला लिया है। अब आपको बैंक में खाता खुलवाने या फिर सिम कार्ड लेने के लिए आधार कार्ड देना जरूरी नहीं होगा बल्कि पूरी तरह आपकी इच्छा पर ही निर्भर होगा। पहचान और पते के प्रमाण के तौर पर आधार कार्ड के लिए दबाव बनाने पर बैंक और टेलिकॉम कंपनियों को एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। यही नहीं ऐसा करने वाले कंपनियों के एंप्लॉयीज को ३ से १० साल तक की सजा भी हो सकती है। इस तरह अब आप सिम कार्ड लेने या फिर बैंक में खाता खुलवाने के लिए आधार कार्ड की बजाय पासपोर्ट, राशन कार्ड या अन्य कोई मान्य दस्तावेज हक के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। कोई भी संस्था आधार कार्ड के यूज के लिए आप पर दबाव नहीं डाल सकती। सरकार ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट और भारतीय टेलिग्राफ ऐक्ट में संशोधन कर इस नियम को शामिल किया है। सोमवार को केंद्रीय कैबिनेट ने इन संशोधन को मंजूरी दी थी। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि यूनिक आईडी को सिर्फ वेलफेयर स्कीमों के लिए ही इस्तेमाल किया जा सकता है।

**डेटा के मिसयूज पर ५० लाख फाइन, १० साल की सजा**

कानून में हुए संशोधनों के मुताबिक आधार ऑथेंटिकेशन करने वाली कोई संस्था यदि डेटा लीक के लिए जिम्मेदार पाई जाती है तो ५० लाख तक का फाइन और १० साल तक की सजा हो सकती है। इन संशोधनों को फिलहाल संसद की मंजूरी मिलना बाकी है। हालांकि राष्ट्र हित में ऐसी जानकारी दी जा सकती है।

**आधार पर आपको मिला अधिकार**

केंद्र सरकार के इस फैसले के चलते अब आपको बैंकों में खाते खुलवाने और सिम कार्ड लेने के लिए आधार देने की बाध्यता नहीं रहेगी। अब तक कंपनियां और बैंक इसे अनिवार्य बता रहे थे। इस तरह से आपको आधार पर अधिकार भी मिल गया है कि आप चाहें तो इसकी जानकारी दें या फिर न दें।

# संक्षिप्त न्युज

## रेप मामले में दाती महाराज को दिल्ली की साकेत अदालत ने किया तलब

**दिल्ली :** रेप केस मामले में दाती महाराज की मुसीबत बढ़ गई हैं. राजधानी दिल्ली के साकेत कोर्ट ने दाती महाराज और उनके ३ भाइयों को २३ जनवरी को अदालत में हाज़िर होने को कहा हैं. दिल्ली क्राइम ब्रांच द्वारा दायर चार्जशीत का संज्ञान लेते हुए अदालत ने यह निर्णय लिया हैं. बता दें कि ३० अक्टूबर को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने स्वयंभू संत दाती महाराज के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की थी.सीबीआई ने दाती महाराज के खिलाफ अपने आश्रम के एक अंत:वासी के साथ दुष्कर्म व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोपों पर मामला दर्ज किया है और जांच कर रही है. सीबीआई की प्राथमिकी में दाती महाराज ऊर्फ दाती मदन लाल राजस्थानी व उसके तीन सहयोगियों अशोक, अर्जुन व अनिल पर दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी में नौ जनवरी, २०१६ को अपने आश्रम में २५ साल की अनुयायी के साथ दुष्कर्म व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप है.दिल्ली पुलिस ने दिल्ली की पीड़िता की शिकायत के बाद जून में मामला दर्ज किया और एक अक्टूबर को दाती महाराज व अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया.

## नैना साहनी तंदूर हत्याकांड: दोषी सुशील शर्मा को बड़ी राहत, दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया तत्काल रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली:** नैना साहनी तंदूर हत्याकांड के दोषी सुशील शर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत पहुंचाते हुए तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है. सुशील शर्मा अपनी पत्नी नैना साहनी की हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा काट रहे हैं. बता दें कि आरोपी सुशील ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर तंदूर में जलाने की कोशिश की थी. सुशील को शक था कि उसकी पत्नी का किसी और से संबंध है. इस मामले में न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और संगीता ढींगरा सहगल की पीठ ने शर्मा द्वारा दाखिल रिहाई की याचिका को मंजूर कर लिया.सजा समीक्षा बोर्ड ने शर्मा की समयपूर्व रिहाई की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया था और कहा था कि वह अपनी पत्नी की क्रूर हत्या के लिए दोषी है. शर्मा के वकील अमित साहनी ने अदालत को बताया कि शर्मा १९९५ से जेल में बंद है और वह अपनी अधिकतम निर्धारित सजा को पहले ही पूरा कर चुका है.कांग्रेस कार्यकर्ता नैना साहनी की दो जुलाई १९९५ की रात हत्या हो गई थी. उसके पति सुशील शर्मा ने उसे गोली मारी थी और उसके शव के टुकड़े कर एक रेस्तरां के तंदूर में जलाने का प्रयास किया था सुशील शर्मा की पत्नी नैना साहनी एक निजी विमान कंपनी में पायलट थी और उस समय सुशील शर्मा कांग्रेस के युवा नेता थे. तंदूर हत्याकांड के मामले में शर्मा को साल २००३ में निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन २०१७ में दिल्ली हाईकोर्ट ने उस पर रोक लगा थी.

## पश्चिम बंगाल में BJP को झटका, कलकत्ता HC की चीफ जस्टिस बेंच ने रथ यात्रा पर लगाई रोक

**कलकत्ता :** हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में बीजेपी की 'रथ यात्रा' को अनुमति देने वाला सिंगल बेंच का आदेश शुक्रवार को रद्द कर दिया. मुख्य न्यायाधीश देबाशीष कारगुप्ता और न्यायमूर्ति शम्पा सरकार की खंडपीठ ने मामला वापस सिंगल बेंच के पास भेजते हुए कहा कि वह इस पर विचार करते वक्त राज्य सरकार की ओर से दी गई खुफिया जानकारी को ध्यान में रखे. इससे पहले गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने बीजेपी के 'रथ यात्रा' कार्यक्रम को अनुमित दे दी थी और सांप्रदायिक अशांति की आशंका के आधार पर रैलियां निकालने की मंजूरी देने से इनकार करने के राज्य सरकार के फैसले को दरकिनार कर दिया था.न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती ने गुरुवार को अपने आदेश में कहा था कि यदि प्रशासनिक अधिकारी मनमाने तरीके से विवेकाधिकार का इस्तेमाल करेंगे तो अदालतें दखल दे सकती हैं. अदालत के आदेश के बाद बीजेपी तीन चरण के अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए २८-३१ दिसंबर के दौरान अंतरिम नई तारीखों के साथ सामने आ गई थी.बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार के फैसले के बाद कहा था कि वैसे तो तारीखें अंतिम रुप से तय नहीं की गई हैं लेकिन रथयात्रा, जिसे अब गणतंत्र बचाओ यात्रा का नाम दिया गया है, अपने पिछले निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी और वह राज्य के सभी ४२ लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी. बीजेपी सूत्रों के अनुसार पार्टी अध्यक्ष अमित शाह राज्य में इन तीनों यात्राओं को रवाना करने वाले थे. कोर्ट ने सभी २२ आरोपियों को बरी किया बीजेपी के कार्यक्रम पर सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा था कि बीजेपी का एकमात्र इरादा राज्य में धार्मिक आधार पर लोगों को बांटना और सांप्रदायिक तनाव पैदा करना है. बता दें कि बीजेपी राज्य में धीरे धीरे अपना मत प्रतिशत बढ़ा रही है. फिलहाल राज्य की २९४ सदस्यों वाली विधानसभा में पार्टी के तीन और राज्य से लोकसभा में दो सांसद हैं.

## पुलिस अधिकारी अब्दुल हामिद की लाश होटल के कमरे से बरामद, दिल का दौरा पड़ने की आशंका

**श्रीनगर :** जम्मू और कश्मीर पुलिस का एक अधिकारी बुधवार को बडगाम जिले में अपने होटल के कमरे में मृत पाया गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की अपहरण-रोधीइकाई में पदस्थ सब इंस्पेक्टर अब्दुल हामिद का शव हुमहामा क्षेत्र के होटल से बरामद किया गया. ITBP के जवानों को लेकर जा रही बस खाई में गिरी, २४ घायल मृतक बारामूला जिले का रहने वाला था और प्रशासन की ओर से होटल में उसके रहने की व्यवस्था की गई थी. शुरुआती जांच के अनुसार, पुलिस ने कहा कि पुलिसकर्मी की मौत संभवत: दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई होगी.

# सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा फैसला



## ६ प्रस्ताव पर लगी सरकारी मुहर, अब कोमा में जाने वाले पुलिसकर्मी को मिलेगा असाधारण पेंशन का लाभ

एम.आर.शेख

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोक भवन में कैबिनेट की बैठक बुलाई गई थी. इस बैठक में राज्य को लेकर ६ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है. कैबिनेट में पहला जोअहम निर्णय लिया गया है. वह पुलिस के बारे में लिया गया है. जिसमें कर्तव्य पालन में दुर्घटना के दौरान कोमा में जाने वाले पुलिसकर्मियों को असाधारण पेंशन मिलेगी. अब तक था दिवंगत होने की स्थिति में ही असाधारण पेंशन दी जाती थी.कैबिनेट बैठक में इसके अलावा बुंदेलखंड विकास बोर्ड और पूर्वांचल विकास बोर्ड के गठन का प्रस्ताव भी पास हो गया है. दोनों बोर्ड के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अध्यक्ष होंगे. जबकि दो उपाध्यक्ष होंगे. वहीं इस बोर्ड में ११ गैर सरकारी सदस्य होंगे. फैसले के मुताबिक दोनों बोर्ड में दो एक्सपर्ट भी होंगे. कैबिनेट के बाद जो जानकरी प्राप्त हुई है उसके मुताबिक दोनों बोर्ड का तीन साल के लिए गठन होगा.इसके अलावा सूबे की सरकार ने जीएसटी (उएऊ) में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन का प्रस्ताव पास किया गया है. इस बोर्ड में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अध्यक्ष होंगे, तीन नामित उपाध्यक्ष और ११ गैर सरकारी सदस्य होंगे और हर तीन महीने में बोर्ड की बैठकें होंगी.

**२०१९-२० के लिए बनाई गई आबकारी नीति :** वहीं २०१९-२० के लिए बनाई गई आबकारी नीति को कैबिनेट की बैठक में की मंजूरी दे दी है. आबकारी विभाग में राजस्व हानियों पर राज्य सरकार ने रोक लगा दी है. कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने राजस्व हानियों को रोक दिया है. क्योंकि पांच हजार करोड़ पिछली सरकारों में हर साल कुछ लोगों की जेब में जा रहा था. अब शराब की दुकानों का आवंटन लाटरी से होगा. बता दें कि नवंबर तक पिछले साल के मुकाबले सरकार ने आबकारी राजस्व में ४८इ की वृद्धि की है। राज्य सरकार के प्रवक्ता सिद्धार्थनाथ ने मायावती और अखिलेश से सवाल पूछा है कि आखिर हर साल आबकारी के ५००० करोड़ रुपए राजस्व के कहां जा रहे थे। उन्होंने इशारे से सपा बसपा सरकारों पर आरोप लगाया. ६० फीसदी दुकानों का नवीनीकरण होगा.

**३०,००० युवाओं मिलेगी नौकरी :** आबकारी मंत्री ने बताया कि नई पालिसी में पिछले साल की कमियों को दूर किया गया है. साल २०१७-१८ में १०,११८ करोड़ रुपये राजस्व आबकारी विभाग को मिला। २०१८-१९ में १५,००५ करोड़ रुपये का राजस्व आबकारी विभाग को मिला. बीते साल ४८ फीसदी का राजस्व लाभ आबकारी विभाग को बढ़ा है. वहीं मंत्री ने यह भी बताया कि नोएडा में टाटा कंसलटेंसी २३०० सौ करोड़ रुपए का निवेश करेगी. ३०,००० युवाओं को नौकरी मिलेगी. इसके अलावा कुंभ में न्योता देने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री राज्यों में जाएंगे। योगी ने दोनों उपमुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों को जिम्मेदारी दी है. ये सारी जानकरी राज्य सरकार के प्रवक्ता और स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह द्वारा कैबिनेट बैठक खत्म होने के बाद उनकी तरह से लोगों को जानकरी लोगों की तरह से दी गई.

## बढ़ते अपराध पर तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला, कहा निर्लज्ज हो गई है सरकार





**पटना:** बिहार में पिछले कुछ दिन से अपराधिक घटनाएं रुकने का नामनहीं ले रहीं है. ताज मामला बिहार के दरभंगा के पास रानीपुर में राष्ट्रीयराजमार्ग-५७ के पास की है. जहां पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एनएचएआई) और एसके कंस्ट्रक्शन कंपनी के एक बड़े ठेकेदार कुसेशकुमार शाही नाम के शख्स को गोली मारकर हत्या कर दी गई. राज्य मेंबढ़ते इन अपराधिक घटनाओं को लेकर आरजेड नेता तेजस्वी यादव नेसीएम नीतीश कुमार पर हमला करते हुए मौजूदा सरकार को निर्लजसरकार बताया है.राज्य में बढ़ती इन घटनाओं को लेकर आरजेडी नेतातेजस्वी यादव ने ट्वीट कर निराशा जताई और राज्य सरकार की कड़ीआलोचना की है.

तेजस्वी यादव अपने बयान में सीएम नीतीश कुमार कोलोकसभा चुनाव में बीजेपी को जहां सीट शेयरिंग में बिजी बताया है, वहींअपने ट्वीट में मौजूदा सरकार को निर्लज्ज भी बताया है. पटना और मुज़फ़्फ़रपुर में कारोबारियों की हत्या के बाद आज फिर दरभंगा, गया,बेगुसराय और गोपालगंज में व्यवसायियों की गोली मारकर निर्मम हत्या।बता दें कि राज्य में बढ़ते अपराध को लेकर आज शनिवार को दरभंगा केपास रानीपुर में जिस ठेकेदार की हत्या को लेकर तेजस्वी यादव ने ट्वीटकिया है. इस ठेकेदार की हत्या रानीपुर के पास बाइक सवार लोगों नेअचानक कुसेश प्रसाद शाही पर फायरिंग शुरू कर दी. बदमाशों नेदर्जनभर गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी. इससे पहले हाजीपुर मेंअज्ञात बदमाशों ने मगध हॉस्पिटल के मालिक गोपाल खेमका के बेटेऔर बीजेपी नेता गुंजन खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी. इस हमलेमें उनका ड्राइवर भी घायल हो गया था. खेमका की हाजीपुर केइंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री है. उनकी फैक्ट्री के बाहर ही उन पर हमलाकिया गया.

## नाबालिक भाई के सामने नाबालिक बहन से दुष्कर्म

**लखनऊ चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले की नगर कोतवाली कर्वी क्षेत्र के अकबरपुर गांव में अपने चार साल के भाई के साथ घर से कुछ दूरीपर जंगली बेर तोड़ती आठ साल की एक बच्ची के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी युवक कोगिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार झा ने शनिवार बताया कि शुक्रवार की दोपहर में आठ साल की बच्ची अपने चार साल के भाई केसाथ घर से कुछ दूरी पर जंगली बेर तोड़ रही थी. उसी बीच बांदा जिले के अतर्रा कस्बा का निवासी सूरज वहां पहुंचा और मारपीट करने के बाद बच्ची के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया. बच्ची केबेहोश हो जाने पर उसके ऊपर दो भारी पत्थर रखकर भाग गया. घटना के समय मासूम भाई वहीं खड़ा रहा रोता. बच्ची के काफी देर तक न उठने परमासूम भाई घर गया और इशारों से घटना के बारे में परिजनों से बताया.

परिजनों ने पुलिस से शिकायत की. एसपी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक सूरज के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करउसे गिरफ्तार कर लिया गया है और बच्ची को चिकित्सीय जांच के लिए बांदा के सरकारी अस्पताल भेजा गया है.

## नवोदय विद्यालय के बारे में चौकाने वाला खुलासा, पांच साल में ४९ छात्रों ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार द्वारा प्रतिभाशाली ग्रामीण बच्चों के लिए स्थापित जवाहर नवोदय विद्यालय स्कूल के बारे में एक चौकाने वाला खुलासा हुआ है. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट की माने तो २०१३ से २०१७ के बीच में ४९ छात्रों ने आत्महत्या की है. जिसमें से आधे दलित और आदिवासी बच्चे हैं. आत्महत्या करने वालों में अधिकांश संख्या लड़कों की है. नवोदय विद्यालय के बारे में यह जानकारी आरटीआई द्वारा मांगी गई जानकारी के तहत सामने आई है.आरटीआई द्वारा जो जानकरी प्राप्त हुई है. उसके मुताबिक इन ४९ छात्रों ज्यादातर छात्र गले में फांसी का फंदा लगाकर लगाकर आत्महत्या की है. यह बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन परिणाम लाने के लिए जाना जाने वाला नवोदय विद्यालय हजारों गरीब और वंचित बच्चों के लिए गरीबी से बाहर निकलने का एक सुनहरा मौका होता है. देश के ग्रामीण बच्चों के लिए इस स्कूल की स्थापना १९८५-८६ के बीच हुई थी. इस स्कूल का पिछले २०१२ से खासियत यह है कि लगातार स्कूल का १०वीं का परिणाम ९९ और १२वीं का ९५ प्रतिशत रहा है. इस स्कूल का परिणाम निजी स्कूलों और सीबीएसई के राष्ट्रीय औसत से कहीं ज्यादा बेहतर है. दिल्ली इंद्रपुरी में ७वीं कक्षा की छात्रा ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में से हुआ चौंकाने वाला खुलासाश में जवाहर नवोदय विद्यालय की ६३५ शाखाएंबता दें कि नवोदय विद्यालय समिति मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन है जो देशभर में ६३५ स्कूल संचालित करता है. विद्यालय की वेबसाइट के अनुसार, नवोदय विद्यालय प्रणाली जोकि एक अद्वीतीय प्रयोग के तौर पर शुरू हुई थी वह आज भारत में स्कूली शिक्षा के मामले में बेजोड़ बन गई है। नियमों के अनुसार स्कूल की ७५ प्रतिशत सीट ग्रामीण छात्रों के लिए आरक्षित होती हैं. इसी वजह से १०० प्रतिशत आबादी वाले जिलों में कभी जेएनवी को मंजूरी नहीं दी जाती है.२.८ लाख छात्र कर रहे है पढ़ाई मौजूदा समय में नवोदय विद्यालय (जेएनवी) में २.८ लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं. ३१ मार्च २०१७ तक ९ से १९ साल की उम्र के कुल २.५३ लाख बच्चों ने लगभग ६०० जेएनवी में दाखिला लिया. वहीं २०१३ में ८ बच्चों ने, २०१४ में ७, २०१५ में ८, २०१६ में १२ और २०१७ में १४ बच्चों ने आत्महत्या की. जेएनवी में आत्महत्या करने वाले १६ बच्चे अनुसूचित जाति के थे. वहीं सामान्य और पिछड़ी जाति के १२-१२ बच्चों ने मौत को गले लगाया है.

## मकान मालिक ने किराए पर रह रही लड़कियों को बनाया अपनी गंदी नियत का शिकार, बनाया उनका वीडियो

आसिफ खान

**मुंबई:** अगर आप किराए पर या पेइंग गेस्ट के तौर पर रहती हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि यह खबर आपके बेहद काम की है. हो सकता है कि आप बतौर पेइंग गेस्ट या किराए पर जिस कमरे में रह रही हैं, वहां चोरी-छुपे कोई आपकी हर गतिविधि को कैद कर रहा हो और आपकी जानकारी के बगैर आपका वीडियो बना रहा हो. दरअसल. दक्षिण मुंबई से एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां मकान मालिक पर किराए पर रह रही लड़कियों के वीडियो बनाने का आरोप लगा है.

दक्षिण मुंबई के डीबी मार्ग स्थित पुलिस ने १९ दिसंबर को ४७ साल के एक मकान मालिक को गिरफ्तार किया था, जिस पर तीन लड़कियों के कमरे में कथित तौर पर छुपे हुए कैमरे लगाकर उनके वीडियो और ऑडियो क्लिपिंग्स बनाने का आरोप है. बताया जा रहा है कि ये लड़कियां बतौर पेइंग गेस्ट आरोपी शख्स के ४ बेडरुम वाले अपार्टमेंट में रहती हैं.पुलिस की मानें तो आरोपी की अभी तक शादी नहीं हुई है और वो अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ उस अपार्टमेंट में रहता है. उसका गिफ्ट बॉक्स की ट्रेडिंग का बिजनेस है. हालांकि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने सभी छुपे हुए कैमरों को सीज कर लिया, जिसे उसने अपने हाइएंड मोबाइल फोन के चार्जर में लगाया था, जिसमें उसने अपने पेइंग गेस्ट लड़कियों की बहुत सारी वीडियो और ऑडियो क्लिपिंग को रिकॉर्ड किया था.पुलिस के मुताबिक आरोपी को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब लड़कियों को इस बात का शक हुआ कि वो उनकी सारी बातों को सुनता है और ठीक उसी तरह से दोहराता है. दरअसल, मकान में रह रही एक लड़की को कमरे में एक इलेक्ट्रीक चार्जर मिला. अपने शक को पुख्ता करने के लिए लड़की ने उस चार्जर पर कपड़ा रख दिया, जिसके बाद फौरन कमरे की चेकिंग के बहाने मकान मालिक उनके कमरे में आया और उनसे पूछा कि उन्होंने उस पर कपड़ा क्यों रख दिया?

लड़कियों ने जब इस चार्जर के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह चार्जर उसके टीवी का एंटीना बूस्टर है. फिर लड़कियों ने उस चार्जर की तस्वीर खींची और उसके बारे में पता लगाया तब जाकर उन्हें पता चला कि वह एक छुपा हुआ कैमरा है जिसे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है. मकान मालिक की इस गंदी हरकत का पर्दाफाश होते ही लड़कियों ने पुलिस से शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया.

बहरहाल, इस खबर के बाद किराए पर रहने वाली लड़कियों को बेहद सतर्क हो जाना चाहिए और अपने कमरे की अच्छे से जांच करनी चाहिए कि कहीं कोई छुपा हुआ कैमरा पंखे के रेग्युलेटर, टेबल घड़ी, बल्ब, इलेक्ट्रीक प्लग और मोबाइल चार्जर में आपकी नजरों से बचाकर तो नहीं रखा गया है.


मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738



New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable,
Next to Syndicate Bank, S.V. Road,
Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह